

# अमावस्या पर भक्तों ने मां नर्मदा के जल में डुबकी लगा पितरों का तर्पण किया

**देवास/नेमावर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र माह की सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या का दो दिवसीय मेला संपन्न हुआ जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पवित्र जल से स्नान कर अपने पितरों को जल तर्पण कर मोक्ष की कामना की। मोक्ष दायनी मां नर्मदा की पवित्र रेती में हजारों भक्तो ने अपने पूर्वजों को याद कर जल तर्पण दे कर मोक्ष की कामना की इसी के साथ इस चौदस तिथि की घुप अंधेरा रात में कई भक्तो ने देव आत्माओं की शरण ले अपने सांसारिक जीवन में आए दुखो के निराकरण के लिए कई उपाय पूछे, देव आत्माओं के बताए उपायों को कर दुखो से मुक्ति के उपाय किए जिसके तहत नर्मदा के बहते जल में देव आत्माओं के बताए सिद्ध मार्ग दर्शन के तहत गौ माता की पूछ के बालो से बनी रस्सी (एक विशेष शैली )से नर्मदा के पवित्र जल के छींटे देकर, पुरुष एवं महिलाओं से उनके शरीर पर पहने पुराने वस्त्रों को बहती जल धारा में प्रवाहित कराए जाने। वही इससे जुड़े अन्य तंत्र क्रियाएं कराई की गई। भूत प्रेत बाधाओं से मुक्ति के लिए चौराहों पर पांच मिठाई रख, चोमुखी दियों को



जला कर छोड़ा जाना, घाट पर पुराने पहने हुए जूते चप्पल को छुड़वाया जाना आदि क्रियाएं कराई जाती रही।

प्रात: 4बजे से मुख्य स्नान आरंभ नर्मदा के विभिन्न घाटों पर बुधवार की प्रात:4बजे से भक्तो का मां नर्मदा के जल में स्नान का क्रम आरंभ हुआ जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा दोपहर तक घाटों पर स्नान करने वाले भक्तो की भारी भीड़ देखी गई ओसतन करीब एक लाख भक्त दोपहर तक स्नान कर बाबा सिद्धनाथ ,पिंगलेश्वर ,ऋण मुक्तेश्वर के दर्शन पूजा अर्चन ,जलाभिषेक कर बाबा से सुख आरोग्य,मंगल की कामना की व मंदिर प्रांगण में विराजे ब्राह्मणों को दान दक्षिणा देकर आशीष लिया तथा घाट पर गरीबों को अन्न, वस्त्र , चरण पादुका , छाता आदि का दान कर पुण्य प्राप्त किया। दोपहर पश्चात शाम तक करीब 25 हजार भक्त तट पर स्नान के लिए पहुंचे अमावस्या पर्व बुधवार की शाम तक कुल करीब सबा लाख भक्तो ने सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर्व का स्नान लाभ ग्रहण किया। मुख्य घाटों के अतिरिक्त नाव घाट,पड़ियाड़ घाट ,इमली घाट ,दरबार घाट तथा जामनेर नर्मदा संगम स्थल मेल घाट पर भी भक्तो के स्नान का दौर चलता रहा। इस दो दिवसीय मेले को लेकर प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गई थी नर्मदा के घाटों पर अतिरिक्त



### घट स्थापना के लिए भक्तों ने मां नर्मदा के जल को ले गए

प्रतिपदा से चैत्र की नव रात्रि पर्व के आरंभ होने के चलते भक्तो ने घट स्थापना हेतु नर्मदा के पवित्र जल को पांव पैदल चल कर अपने गांव ,ग्रहों में नव रात्रि घाट स्थापना किए जाने हेतु पवित्र नर्मदा जल साथ ले गए।

पुलिस अधिकारी ग्रामीण , एस डी एम , तहसीलदार ,स्थानीय नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण गोपाल अग्रवाल, सी एम ओ आनंदी लाल वर्मा ,थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा,राजस्व विभाग ,सहित सभी विभागों के कर्मचारी व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद नजर आए। सुरक्षा हेतु अधिकारी स्तर से लेकर कोटवार तक के करीब 400 कर्मचारी मेला क्षेत्र में अपनी ड्यूटी पर तैनात नजर आए।मंदिर पर दर्शन के लिए लगती रही कतार ** पवित्र नर्मदा स्नान के बाद भक्तो की सिद्धनाथ भगवान के दर्शन पूजा अर्चन हेतु काफी भीड़ रही प्रात:काल में भगवान के भस्म आरती दर्शन तथा पुष्प श्रृंगार दर्शन के लिए बड़ी भीड़ देखी गई सभी भक्तो ने गृभग्रह में पहुंच कर बाबा सिद्धनाथ का जलाभिषेक ,पूजा अर्चन का पुण्य लाभ लिया।

**धूप की वजह से परेशान रहे लोग**

चैत्र माह की तेज धूप के कारण लोग काफी परेशान नजर आ रहे थे परंतु जगह जगह नगर परिषद ने शुद्ध पेय जल के टैंकर की व्यवस्था होने से लोग गर्मी में पानी मिलते रहते उन्हे राहत मिलती रही।

क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा के नेतृत्व में विगत एक कई वर्षों से चल रहा भोजन भंडारा जो मां नर्मदा के नाभि तीर्थ में



नगर घाट पहुंच मार्ग पर दिया जाता है इस भंडारे में मां नर्मदा के स्नान के लिए आए हजारों भक्तो ने भंडारे में पहुंच भंडारा प्रसादी ग्रहण की। इस भंडारे की सबसे बड़ी खासियत है प्रसादी ग्रहण करने वाले भक्तअन्न का जरासा भी झूठा नहीं छोड़ते है ,न यहां वहां झूठी पतले फेंकते है सभी भक्त प्रसादी ग्रहण में अपना योगदान के साथ शारीरिक, मानसिक ,आर्थिक सहयोग भी प्रदान करते है। इस बार आमजन की सुविधा को लेकर हर मीटिंग में पार्किंग स्थल की दूरी को लेकर प्रश्न किए जाते थे इस बार आमजन की बात को मन जा कर बड़े छोटे सभी प्रकार के। वाहनों का पार्किंग स्थल घाट के पास जैन मंदिर के नजदीक खाली खेत पर बना दिए जाने से आम भक्त ,वृद्ध जन ,बच्चे ,महिलाओं के लिए बड़ा सुविधायुक्त राहत भरा रहा उन्हें इस तपती धूप में हर बार की तरह 3किमी पैदल चल कर घाट तक नहीं चलना पड़ा बाहर से आए स्नानार्थियों ने इस व्यवस्था की सराहना की।

स्नान का दौर बुधवार की देर रात तक चलता रहा। सर्व पितृ अमावस्या पर्व के इस दो दिवसीय मेला सानंद संपन्न होने पर क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा ,नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण गोपाल अग्रवाल व सी एम ओ आनंदी लाल वर्मा ने सभी अधिकारियों ,कर्मचारियों का आभार माना।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का निर्वाचन संपन्न

**काँटाफोड़।** श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक कन्नौद का निर्वाचन मंगलवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं उत्साहपूर्ण माहौल में निर्वाचन अधिकारी श्रीराम पटेल सहायक निर्वाचन अधिकारी दीपक धारीवाल एवं अतुल गुप्ता के द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद गुप्ता उपस्थित थे। इस निर्वाचन में अधिक मत प्राप्त कर रविन्द्र परमार ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए। निर्वाचन उपरांत मनोज डाबी को ब्लॉक सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। जो संगठन की एकजुटता का प्रतीक माना जा रहा है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविन्द्र परमार एवं सचिव मनोज डाबी को क्षेत्र के पत्रकार साथियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा सोशल मीडिया के साथ ही प्रत्यक्ष रूप से बधाई



प्रेषित की गई। इसके साथ ही कांटाफोड़ एवं लोहारदा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने भी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविन्द्र परमार ने सभी मतदाताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों के हितों की रक्षा करने एवं निष्पक्ष पत्रकारिता को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा संपन्न

**वृद्धाश्रम हेतु चार पंखे एवं पानी के बड़े जार प्रदान किये**

**देवास।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल अपनी अधिकारिक यात्रा पर देवास शहर पहुंचे, जहां लायंस क्लब आफ देवास सिटी के द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के सम्मान में स्थानीय रामाश्रय होटल में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंच पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल, कैबिनेट सेक्रेटरी लायन संजय डिंगडांग, कैबिनेट ट्रेजरार लायन विनोद जोशी, रीजन चेयरपर्सन लायन कुंदन सोनी, झोन चेयरपर्सन लायन सुनीता शर्मा एवं क्लब की प्रथम महिला पूर्णिमा बिंदल सहित



लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी के अध्यक्ष लायन मनोज बिंदल द्वारा दिया गया। क्लब सचिव लायन भगवान गोयल ने लायंस क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों का विवरण दिया एवं कोषाध्यक्ष लायन अनिल नागर द्वारा आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सेवा गतिविधियों के तहत वृद्धाश्रम बसेरा के उपस्थित वृद्ध एवं संचालक दिनेश चौधरी को वृद्धाश्रम हेतु चार पंखे एवं पानी के बड़े जार प्रदान किये। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की उन्होंने क्लब की गतिविधियों एवं व्यवस्थित रिपोर्ट प्रस्तुति के लिए क्लब की सराहना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्वज वंदना अनीता नागर द्वारा प्रस्तुत की गई, कार्यक्रम का संचालन लायन आर.सी. पालीवाल द्वारा एवं आभार प्रदर्शन लायन प्रमोद गुप्ता द्वारा किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल द्वारा मौजूद सदस्यों को लायंस पिन लगाकर सम्मानित भी किया गया अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायन एम. के. नागर, लायन डॉ के.के.धुत लायन किरण धुत, लायन डॉ आर.सी. शर्मा, लायन डॉ प्रकाश गर्ग, लायन डॉ जे .एस. यादव, लायन डॉ योगेश वालिम्बे, लायन डॉ एम. बी. अग्रवाल, लायन प्रहलाद अग्रवाल, लायन अशोक जोशी, लायन मांगीलाल अग्रवाल, लायन सुरेश परवाल, लायन दिनेश भूतड़ा, लायन एम.एल. डाबी आदि उपस्थित थे।

## 5 करोड़ 25 लाख की लागत के निर्मित होने वाले नवीन जनपद भवन का भूमि पूजन



**देवास।** ग्राम पंचायत निपानिया के ग्राम अमलावती में 5 करोड़ 25 लाख की लागत से निर्मित होने वाले नवीन जनपद भवन का भूमि पूजन विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, जनपद अध्यक्ष रामकला मुकेश पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीईओ हेमलता मंडलोई, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा देवास ए.एस.डुडवे, उपाध्यक्ष कलाबाई यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार, भारतसिह पटलावदा, मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, जिला महामंत्री विजयसिंह पटलावदा, जिला पंचायत सदस्य सालगराम, जनपद सदस्य कुंता श्याम गौड़, कमल गुर्जर, रामप्रसाद चौधरी, राजकुमार देवड़ा, कमल गुर्जर, पवन चंदाना, रमेश, छगन चौधरी, कालुसिंह दरबार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सलीम मामू, भंवरसिंह, राकेश खिरनी, राहुल सर, विष्णु डंडा, निपानिया सरपंच शकुंतला बाई उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय भावसार समाज ने मनाया कुलदेवी मां हिंगलाज का जन्मोत्सव

**देवास।** 17 मार्च को क्षत्रिय भावसार समाज देवास द्वारा कुलदेवी मां हिंगलाज का जन्मोत्सव कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ गजरा गियर्स चौराहे पर रखा गया। प्रात: शुभ मुहूर्त में मां हिंगलाज के समक्ष कलश स्थापित कर धूप, दीप, नैवेद्य से पूजन आरंभ किया गया। सभी समाज जन द्वारा कंकु हल्दी और श्रीफल अर्पित कर पूजन की गई। किरण झाला, गीतिका भावसार एवं डॉ. ममता झाला द्वारा धर्मग्रंथों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता महिलाओं के लिये आयोजित की गई जिसमें महिलाओं ने उत्साह से भागीदारी की। प्रतियोगिता में नंदिनी भावसार प्रथम, कीर्ति भावसार



द्वितीय, राजकुमारी झाला एवं अंजना झाला तृतीय स्थान पर रही। मां हिंगलाज को समर्पित कर महिला मंडल द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। ऐसे ही भक्तिमय माहौल में हर्षोल्लास के साथ समाजजन द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। नृत्य, गीत और मां हिंगलाज के जयकारे के साथ निकाली गई कलश यात्रा के पश्चात मां हिंगलाज की सामूहिक आरती की गई। भावसार समाज अध्यक्ष भूपेन्द्र भावसार, महिला मंडल अध्यक्ष गीतिका भावसार और उनकी कार्यकारिणी के तीन वर्ष पूर्ण होने पर अध्यक्ष पद हेतु अन्य नाम आमंत्रित किये गये किंतु अन्य नाम का प्रस्ताव न आने से उन्हीं ही अध्यक्ष पद हेतु मनोनीत किया गया। मां हिंगलाज धाम के निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु समाजजन से अपील की गई। मुकेश झाला एवं प्रकाश पवार ने ख्यात चित्रकार, समाज गौरव डॉ. लक्ष्मी नारायण भावसार भोपाल के अवदान पर प्रकाश डाला और समस्त समाजजन द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर आदरांजली दी गई। अंत में सामूहिक भोज का आयोजन रखा गया। गोपाल भावसार, नंदकिशोर भावसार, चंदूलाल भावसार, मुरलीधर झाला, चेतन भावसार, संतोष, जगदीश, मनोज, प्रहलाद भावसार, मोना भावसार, उर्वशी भावसार, ललिता सांवलिया एवं समस्त समाज जन के सहयोग से हिंगलाज प्राकट्योसव धूमधाम से मनाया गया।

## नन्हे बच्चों द्वारा रखे जा रहे रोजे

**काँटाफोड़।** पवित्र माह रमजान का आखरी असरा चल रहा है मुस्लिम मोहल्लों में इबादत और बंदगी का माहौल बना हुआ है वही बस्ती में रात के समय एवं बाजारों में रौनक नजर आ रही है, मस्जिदों व कब्रिस्तानो को सजाया गया है बड़े बुजुर्गों के साथ छोटे बच्चों में भी रोजा रखने का उत्साह देखा जा रहा है इसी क्रम में नगर के हाजी नवाब खान के पौते मो अनस खान ने अपना पहला रोजा रखा। अनस ने पूरे धैर्य और अनुशासन के साथ पांच वक्त की नमाज के साथ अपना रोजा पूरा किया। कम उम्र में और गर्मी के मौसम में रोजा रखने पर समाजनों द्वारा सराहना की गई।

## महापौर प्रतिनिधि ने किया मुख्य मुक्तिधाम का निरीक्षण

**देवास।** देवास का मुख्य मुक्तिधाम का विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने उपायुक्त आरती खेड़ेकर प्रभारी हरेन्द्र ठाकुर के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुक्तिधाम में साफ सफाई तथा जलाउ लकड़ी एवं कण्डे को लेकर प्रभारी हरेन्द्र सिंह ठाकुर से चर्चा की। महापौर प्रतिनिधि श्री अग्रवाल ने मुक्तिधाम के सम्पूर्ण परिसर में साफ सफाई व्यवस्था नहीं होने से एवं कच्चे मुक्तिधाम में गाजर घास एवं अन्य प्रकार के वेस्ट कचरे को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिदिन मुक्तिधाम की साफ सफाई की मॉनीटारंग के निर्दश हरेन्द्र सिंह ठाकुर को दिये। जलाउ लकड़ी तथा कण्डों की कमी देख कर जानकारी ली जानकारी में लकड़ी एवं कण्डे प्रदाय करने वाले ठेकेदार की निविदा समय समाप्त होने का कारण बताया। श्री अग्रवाल ने उपायुक्त आरती खेड़ेकर को नये निविदा दाता से तत्काल अनुबंध कराकर पर्याप्त मात्रा में लकड़ी एवं कण्डे लिये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कहा।

स्वस्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र बैस, पार्षद प्रतिनिधि अजय पड़ियार ने मुक्तिधाम में लगे कैमरे भी चेक किये जो सही पाये गये। नये मुक्धिाम पर नर्मदा पाईप लाईन से पानी की व्यवस्था का कनेक्शन करवाने तथा नई पानी की टंकी रखवाने तथा पुरानी टंकी को सुधरवाने, नलों को दुरुस्त करने तथा एकत्रित कचरे का निपटान करने के निर्देश प्रभारी हरेन्द्र ठाकुर एवं मुक्तिधाम के दरोगा को दिये। श्री अग्रवाल ने मुक्तिधाम में सफाई व्यवस्था को लेकर प्रभारी हरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं दरोगा को चेतावनी देते हुए आगामी सात दिवस में सम्पूर्ण व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। समय सीमा में दिये गये निर्देश के अपालन में संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के उपायुक्त श्रीमती खेड़ेकर को निर्देश दिये।श्री अग्रवाल ने शुद्ध वातावरण वायु गुणवत्ता एवं जलाउ लकड़ियों की कमी को देखते हुए गैस आधारित शवदाह गृह का उपयोग करने की अपील शहर वासियों से की।

## वसूली अभियान में रूपये 5 करोड़ 32 लाख का लक्ष्य किया पूरा

**देवास।** राजस्व विभाग की पूरी टीम ने आयोजित लोक अदालत में कड़ी मेहनत की। टीम की मेहनत से नगर निगम देवास 3 लाख की आबादी में प्रथम रही। राजस्व विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निगम बैठक हॉल में विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल एवं आयुक्त दलीप कुमार ने सम्पत्तिकर एवं जलकर वसूली की पूरी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री अग्रवाल ने बधाई देते हुए निगम उपायुक्त वित्त एवं राजस्व विभाग के दीपक पटेल, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, राजस्व उपनिरीक्षक राम ठाकुर, संजय सांगते, शेरसिंह गोयल, मनोरमा बर्मन, राजेन्द्र जायसवाल, सहायक राजस्व निरीक्षक शैलेन्द्र ठाकुर, संजय पारखे, अजय खींची, जाकिर शेख, हेमन्त उबनारे, गौतम तिवारी, शंकर सांगते, एवं सभी सहायक राजस्व निरीक्षक व जलकर वसूली की पूरी टीम, लायसेंस, दुकान किराया एवं कचरा संग्रहण शुल्क वसूली की पूरी टीम को उनकी मेहनत से एवं वसूली में उत्कृष्ट कार्य करने पर बधाई तथा शुभकामनाएं दी। महापौर प्रतिनिधी श्री अग्रवाल ने कहा निगम की पूरी टीम के साथ युवा एवं उर्जावान



आयुक्त आपके साथ हैं पहले की अपेक्षा कर्मचारियों को समय पर वेतन समय समय पर एरियर की राशि दी जा रही है। आयुक्त दलीप कुमार ने सभ को शुभकामनाएं देते हुए वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 13 दिवस हमारे लिये चुनौतीपूर्ण है राजस्व की टीम को लक्ष्य प्राप्त करना है। मुझे विश्वास है आपकी मेहनत सफल होगी और पूरी टीम मिलकर लक्ष्य को पूरा करेंगे। आयुक्त ने यह भी बताया कि आगामी 13 दिवस राजस्व की टीम के साथ निगम के चारों उपायुक्त झोन वाईज् वसूली में साथ रहेंगे जिन करदाताओं ने लोक अदालत में अपने बकाया करों का भुगतान नहीं किया है उन करदाताओं के विरुद्ध राशि वसूली हेतु कुर्की एवं तालाबंदी जैसी कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

## सफाई कर्मी ने ई अटेंडेंस मशीन में तोड़फोड़ की

**सोनकच्छ।** नगर में हमेशा चर्चा में रहने वाली नगर परिषद सोनकच्छ में बुधवार को नगर परिषद सफाई कर्मी पूनमचंद्र धौलपुरे द्वारा नगर परिषद के कर्मचारियों हेतु उपस्थिति हेतु प्रतिदिन नवीन ई अटेंडेंस व्यवस्था हेतु लगाई गई मशीन में नशे में आकर तोड़फोड़ कर दी गई द्य इसके बाद नप सीएमओ अमरदास सेनानी द्वारा संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी कर दिया गया है द्य सीएमओ द्वारा बताया गया कि मशीन के खर्च की राशि संबंधित कर्मचारियों से वसूल कर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक करवाई संपादित की जाएगी। साथ ही नोटिस का जवाब आने के बाद कानूनी कार्रवाई भी करेंगे।


### कार्यालय नगर परिषद सतवास जिला देवास म.प्र.

क्रमांक /329/2026 सतवास, दिनांक 17/03/2026

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https//mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्र जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_489281_1 | Interception and Diversion of Nallahs with STP works Project of Satwas Town under SBM 2.0 | 365 days- 37128000 | 15000/- 185700-/ | 18.4.2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https//mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सतीष घावरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद सतवास

बलजीतकौर सतनामसिंघ बग्गा, अध्यक्ष, नगर परिषद सतवास

### कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास म.प्र.

क्रमांक /222/स्व.भा.मि./2026 देवास, दिनांक 16/03/2026

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्र जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_491392_1 16.03.2026 | स्वच्छ भारत मिशन सर्वेक्षण 2025-2026 के अंतर्गत नगर पालिक निगम देवास में घर घर व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से एकत्रित सूखे कचरे के निस्तारण करने के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा प्रपत्र। | 12 माह | 15000 100000 | 30.03.2026 06 पीएम |

नोट निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त, नगर पालिक निगम देवास म.प्र.